# वार्षिक अधिवेशन में काम्या कर्थिकेयन और सयानी दास सम्मानित

## चैंबर के अधिवेशन में साहसिक उपलब्धियों को मिला मंच



सम्मानित करते राज्यपाल बोस

**कोलकाता @ पत्रिका.** कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स के वार्षिक अधिवेशन में बुधवार को साहसिक खेलों में अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों के लिए दो युवा प्रतिभाओं को कॉमर्स स्पोर्ट्स एक्सीलेंस अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर पुरस्कार प्रदान किए। 17 वर्षीय काम्या कर्थिकेयन ने सातों महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों को फतह कर विश्व की सबसे युवा महिला पर्वतारोही बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं पश्चिम बंगाल के कालना की सयानी दास ने छह महासागरों को पार कर ओपन-वॉटर स्विमिंग में अद्वितीय साहस का परिचय दिया। राज्यपाल ने अपने संबोधन में दोनों को देश का गौरव बताया। काम्या ने अपने बचपन की प्रेरणा साझा की, जबकि सयानी ने महासागरों में संघर्ष के अनुभवों को युवाओं के लिए प्रेरणा बताया। पूर्व अध्यक्ष हरी शंकर हलवासिया ने स्वागत भाषण दिया और नवनियुक्त अध्यक्ष अनंत साहारिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में व्यापार जगत और राजनयिक समुदाय के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।